## सार-समाचार

### बालोतरा कांग्रेस कार्यालय में सभा हुई

**बालोतरा**, (निसं)। बालोतरा में कांग्रेस कमेटी बालोतरा द्वारा अगस्त क्रांति दिवस व विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर कांग्रेस कार्यालय में ब्लॉक अध्यक्ष छगन जोगसन की अध्यक्षता में आयोजित सभा में पूर्व विधायक मदन प्रजापत व पंचायत समिति प्रधान भगवत सिंह जसोल ने स्वतंत्रता संग्राम के महानायक महात्मा गांधी व आदिवासियों के मसीहा बिरसा मुंडा की तस्वीर पर फूल मालाएं पहनाकर पुष्प अर्पित किए। विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर पूर्व विधायक मदन प्रजापत ने आदिवासी भील समाज के गणमान्य सदस्य पूर्व प्रधान बालोतरा ओमप्रकाश भील, ताजाराम भील, पपाराम भील, नरसाराम भील, मूलाराम भील, मेवाराम भील सहित उपस्थित सभी आदिवासी भाइयों को मालाएं पहनाकर बहुमान किया गया। सभा को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक मदन प्रजापत ने कहा कि जल जंगल जमीन के संरक्षण में सदियों से सदैव तल्लीन प्रकृति के सच्चे हितेषी आदिवासियों का पिछडापन दूर करके समाज की मुख्य धारा में जोडने के उद्देश्य से विश्व आदिवासी दिवस मनाया जाता है। इस अवसर पर पूर्व सभापति रतन खत्री, संगठन महामंत्री शंकर लाल सलुंदिया, ओम भाटिया, पूर्व सभापति राधेश्याम माली, सरपंच ईश्वर सिंह चौहान, डालूराम प्रजापत, चंपालाल माली, प्रतिपक्ष नेता महबूब खान सिंधी, प्रहलाद धतरवाल, मूलाराम सांखला, अमराराम माली, राजेंद्र प्रजापति, राजेंद्र सोनी, पार्षद लालाराम माली, ओमप्रकाश मेघवाल आदि मौजूद रहे।

### संभागीय आयुक्त ने रात्रि चौपाल की

**जालोर**, (कासं)। संभागीय आयुक्त डॉ. प्रतिभा सिंह ने गुरूवार को जसवंतपुरा उपखण्ड की पुनककल्लां ग्राम पंचायत में रात्रि चौपाल कर उपस्थित ग्रामवासियों की समस्याओं को सुनकर उनका समाधान किया। रात्रि चौपाल के दौराना ग्रामीणों ने विद्युत, पानी, सड़क, ग्राम की नालियों व वार्डों में सफाई करवाने सहित विभिन्न परिवाद प्रस्तुत किए जिनका मौके पर ही उन्होनें निस्तारण किया गया। उन्होंने जलापूर्ति व विद्युत आपूर्ति व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी लेते हुए पानी एवं बिजली की सुचारू रूप से आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। रात्रि चौपाल के दौरान 33 प्रकरण प्रस्तुत हुए जिनकी सुनवाई करते हुए संभागीय अयुक्त ने 5 प्रकरणों का मौके पर निस्तारण किया तथा शेष प्रकरणों के निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को पाबंद किया। इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री वृक्षारोपण महाभियान के तहत ग्रामीणों को अधिक से अधिक पौधारोपण करने के लिए जागरूक किया। इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलैक्टर भीनमाल दौलतराम चौधरी, जसवंतपुरा उपखंड अधिकारी रामलाल मीणा, तहसीलदार रामकल्याण मीणा, विकास अधिकारी महेश कुमार, सरपंच श्रीमती जमना देवी, पंचायत समिति सदस्य बाघ सिंह पंचायत सहित स्थानीय जन प्रतिनिधि, ब्लॉक स्तरीय अधिकारी-कार्मिक एवं बड़ी संख्या ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### कांस्य पदक विजेताओं का सम्मान

**जालोर**, (कासं)। राष्ट्रीय वाको किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता में कांस्य पदक विजेता मुकेश कुमार व गणपत गहलोत का राजस्थान सरकार के मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने पदक व फूल माला के साथ सम्मान किया। जालोर वाको किक बॉक्सिंग के कोषाध्यक्ष सुरेश शर्मा ने बताया कि गोवा पनुसा में मल्टीपरपज हॉल में आयोजित राष्ट ीय वाको किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता में राजस्थान का प्रतिनिधित्व करते हुए जालौर के दो किक बॉक्सर मुकेश कुमार व गणपत गहलोत ने भाग लेकर अपना शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक अर्जित किया जालोर विधायक व मुख्य सचेतक राजस्थान सरकार जोगेश्वर गर्ग जालौर आने पर वाको किक बॉक्सिंग संघ, क्रीडा भारती के पदाधिकारी व राष्ट्रीय पदक विजेता खिलाडी ने मुलाकात की तथा कांस्य पदक विजेता किकबॉक्सर का पदक पहनकर के सम्मान किया और खिलाडयिों के लिए हर संभव सहयोग करने का आश्वासन भी दिया । इस अवसर पर क्रीडा भारती के महासचिव भागीरथ गर्ग, बॉक्सिंग कोच पुष्पेंद्र परमार,नाथु सोलंकी, भाजपा नगर अध्यक्ष सुरेश सोलंकी, अर्जुन सिंह जिंदल, भंवरलाल प्रजापत, ओम प्रकाश गर्ग उपस्थित रहे।

### सांचौर जिले में सघन पौधारोपण कार्यक्रम

**सांचौर**,(नि.सं.)। मुख्यमंत्री वृक्षारोपण महाअभियान के तहत हरियालो राजस्थान-एक पेड़ मां के नाम के अंतर्गत शुक्रवार स्मृति उद्यान में व्यापारियों की तरफ से सघन वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिला कलेक्टर शक्ति सिंह राठौड़ ने इस अवसर पर कहा कि राज्य सरकार द्वारा आयोजित किए जा रहे हरियालो राजस्थान कार्यक्रम के तहत जिले में सघन वृक्षारोपण अभियान संचालित किया जा रहा हैं तथा इस अभियान के तहत जिले के लिए तय लक्ष्यों को पूर्ण किया जा रहा हैं। स्मृति उद्यान अध्यक्ष अमराराम ने कहा कि वृक्ष हमारे जीवन का आधार है अतः हमें पर्यावरण संरक्षण हेतु अधिक से अधिक पेड़ पौधे लगाने चाहिए ताकि हमें जीवनरूपी प्राणवायु प्राप्त हो सके। इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलेक्टर चंद्रशेखर भंडारी, पुलिस उपअधीक्षक जेठूसीह स्मृति उद्यान के अध्यक्ष अमराराम माली व्यापार संघ अध्यक्ष हरीश पुरोहित,पी सी पुनिया,दिनेश खत्री,योगेश जोशी,सुरेश देवासी,हरचंद राम चौधरी सहित बड़ी संख्या में आम नागरिक उपस्थित रहे।

### निबन्ध एवं चित्रकला प्रति.आज

**जोधपुर**, (कासं)। वीर दुर्गादास राठौड की 386वीं जयन्ती के उपलक्ष्य में वीर दुर्गादास राठौड स्मृति समिति के तत्वावधान में एवं शिक्षा विभाग एवं लायन्स क्लब जोधाणा के सहयोग से निबन्ध एवं चित्रकला प्रतियोगिता शनिवार को प्रात बजे से मयूर चौपासनी स्कूल, चौपासनी में आयोजित होगी। वीर दुर्गादास स्मृति समिति के अध्यक्ष जगतसिंह राठौड ने बताया कि जोधपुर के विद्यालयों के माध्यमिक, उच्च माध्यमिक एवं प्राथमिक वर्ग के विद्यार्थियों की निबन्ध एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन प्रतिवर्ष दुर्गादास राठौड की जयन्ती के अवसर पर किया जाता है। वीर दुर्गादास राठौड मारवाड ही नहीं बल्कि सम्पूर्ण राजस्थान की भूमि को गौरवान्वित करने वाले योद्धा थे उनके स्वर्णिम नाम को जीवन्त एवं अक्षुण्य बनाने रखने के उद्देश्य से जयन्ती के उपलक्ष्य में आयोजन किया जा रहा है। समिति सचिव भागीरथ वैष्णव ने बताया कि इस प्रतियोगिता का आयोजन मयूर चौपासनी स्कूल में किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता के प्रत्येक विधा में 3-3 विद्यार्थी भाग ले सकते हैं। इस प्रतियोगिता के विजेता विद्यार्थियों को वीर दुर्गादास राठौड जयन्ती समारोह रविवार को पुरस्कृत किया जायेगा।

### निजी विद्यालय छुट्टी के दिन खुले

**धोरीमना**, (निसं)। धोरीमना उपखंड में शुक्रवार को विश्व आदिवासी दिवस पर राज्य सरकार द्वारा अवकाश होने पर भी निजी शिक्षा संस्थानो विद्यालय व स्कूलों में छुट्टी नहीं रखने को लेकर राज्य सरकार द्वारा अवकाश घोषित होने पर भी निजी शिक्षा संस्थान धोरीमना क्षेत्र के आसपास के कई गांव द्वारा अपने निजी वाहनों में विद्यार्थियों को ठुस ठुस कर भरकर लाया जाता है। निजी शिक्षण संस्थान विद्यालय स्कूलो ने एक व्यापार बना दिया है संस्थापको ने सरकारी नियमो को ताक पर रखते हुए छुट्टी के दिन भी अवकाश नहीं रखे जाते हैं नियमों का खुले आम धजिया उडाया जाता है धोरीमना के ब्लॉक शिक्षा अधिकारी खेराजराम गोदारा से इसी विषय पर बात की तो उन्होंने कहा कि मेरे को कोई संज्ञान में नहीं है ऐसा कहकर अपना पल्ला झाड दिया।

### विधिक साक्षरता शिविर आयोजित

**रेवदर**, (निसं)। रेवदर तालुका विधिक सेवा समिति, रेवदर के अध्यक्ष अनुपमा भटनागर के निर्देशन में विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर, पंचायत समिति सभागार रेवदर में विधिक साक्षरता एवम जागरुकता शिविर का आयोजन किया। जिसमे एससी, एसटी कानून, राजस्थान पीडति प्रतिकर स्कीम 2011,माडा क्षेत्र विकास कार्य म, सहरिया विकास कार्य म, जनजाति अनुसंधान संस्थान, एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय,वन बंधु कल्याण योजना, आदिवासी शिक्षा ऋण योजना, भारतीय जनजातीय सहकारी विपणन विकास संघ लिमिटेड (ट्राइफेड) एवम कालीबाई भील मेधावी छात्रा स्कूटी योजना, राजससंघ, के बारे में जानकारी दी गई। इस अवसर पर पैनल अधिवक्ता दिनेश कुमार गर्ग, सुरेश कुमार मेनन, विनोद सिंह, रूडाराम, पीएलवी प्रकाशराम आदि उपस्थित थे।

### ओपन सीनियर एथलेटिक्स आज

**जालोर**, (कासं)। जिला एथलेटिक्स संघ के तत्वावधान में जिला स्तरीय ओपन सीनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता शनिवार व रविवार को होगी। जिला एथलेटिक्स संघ के अध्यक्ष भरत मेघवाल व सचिव कन्हैयालाल मिश्रा ने बताया कि खिलाडियों को एन्ट्री शनिवार को शाम 5.30 से 6.30 के मध्य सुन्देलाव तालाब स्थित आर्यवीरदल में करवानी होगी। एंट्री के तुरंत बाद गोला फेंक व लंबी कूद होगी। दूसरे दिन रविवार को इवेन्ट सिरे मंदिर रोड स्थित विद्या भारती स्कूल में सुबह 6.30 बजे से आयोजित होंगे।

# जन जाति समुदाय के लोग काबिलियत व मेहनत के दम पर देश का नाम रोशन कर रहे हैं : गर्ग



जालोर के पास ओटवाला में आदिवासी दिवस पर आयोजित कार्यक्रम को राजस्थान विधानसभा के मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने संबोधित किया। फोटो-राष्ट्रदूत



जालोर में आदिवासी दिवस पर भील समाज ने शोभायात्रा निकाली। फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर**, (कासं)। विश्व आदिवासी दिवस पर राजस्थान विधानसभा के मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने शुक्रवार को ओटवाला में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में कहा कि वर्तमान में अपनी मेहनत व काबिलियत के दम पर जनजाति समुदाय के लोग देश का नाम रोशन कर रहे हैं।

विश्व आदिवासी दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने कहा कि जिले में पहले केवल एक जनजाति छात्रावास स्वीकृत था किन्तु उसके उपरांत प्रयास कर माण्डवला में जनजाति छात्रावास करवाया गया तथा इस वर्ष राज्य सरकार द्वारा पोषाणा में जनजाति बालिका छात्रावास की घोषणा की गई है जिसकी स्थापना से जनजाति वर्ग की बालिकाओं की 12वीं तक की शिक्षा का पूरा खर्च राज्य सरकार द्वारा वहन किया जायेंगा।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की बजट घोषणा में एकलव्य आवासीय विद्यालय जसवंतपुरा में स्वीकृत किया गया है जिससे इसमें अध्ययनरत विद्यार्थियों का कक्षा 6 से 12वीं तक का व्यय सरकार द्वारा वहन किया जायेगा। उन्होंने जनजाति वर्ग के छात्र-छात्राओं को उच्च शिक्षा ग्रहण करते हुए जीवन में ओग बढ्ने के लिए प्रेरित किया।

जिला प्रमुख राजेश कुमार ने विश्व आदिवासी दिवस की शुभकामनाएँ देते हुए जनजाति वर्ग के लोगों को शिक्षा की ओर अग्रसर होकर आगे बढ्ने की बात कही। इस अवसर पर जिला परिषद सदस्य डॉ. रमेश राणा, पुखराज विराणा, ओटवाला सरपंच दीपाराम मेघवाल, भोलाराम राणा, मांगीलाल राणा, मंसाराम राणा इत्यादि उपस्थित रहे।

### भामाशाह व प्रतिभा सम्मान समारोह हुआ

जालोर जिला मुख्यालय सहित जिले भर में शुकवार को विश्व आदिवासी दिवस धूम धाम से मनाया गया। जिसको लेकर जिला मुख्यालय पर भील समाज ने गाजे बाजे के साथ विभिन्न मार्गो से शोभा यात्रा निकाली।

भील समाज युवा सगठन अध्यक्ष मनोहर राणा ने बताया िविश्व आदिवासी दिवस को लेकर भील समाज के द्वारा शहर के शबरी भील बस्ती से शोभा यात्रा निकाली गई। जो सूरज पोल, अस्पताल सर्कल, हरिदेव जोशी सर्कल पहुंची जहा भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा के समक्ष पुष्प अर्पित कर पुन रवाना हुई, जो वन वे रोड, राजेन्द्र नगर व बाईपास से होते हुए पुन शबरी बस्ती में कार्यक्रम स्थल पहुंची। शोभायात्रा में समाज के युवा जय जोहार,जय आदिवासी, जय जोहार के नारे लगाते हुए चल रहे थे।

कार्यक्रम सभा स्थल पर भामाशाह व प्रतिभा सम्मान समारोह सहित विभिन्न कार्यक्रमो का आयोजन हुआ। सभा को संबोधित करते हुए। युवा अध्यक्ष मनोहर राणा ने कहा कि समाज की छात्र-छात्राओं को घर के कामों के साथ-साथ शिक्षा भी दिलाना जरूरी। उन्होने समाज के युवाओं को नशा से दुर रहने की बात की।

इस दौरान गलबाराम, मुलाराम, गोपाराम, नेनाराम, हंसाराम, नारायण सिसोदिया, किसन, मदन, ललित, भोमाराम, ओमाराम व कैलाश सहित कई भील समाज के लोग मौजूद रहे।

### पौधारोपण कर लिया पर्यावरण संरक्षण का संकल्प

सायला क्षेत्र के डाबली गांव में विश्व आदिवासी दिवस पर शु वार को पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष स्व. हीराराम जाखड स्मारक स्थल पर हीराराम जाखड सेवा समिति के कार्यकताओं द्वारा हरियालो राजस्थान के तहत पौधारोपण किया गया।

कार्यक्रम के तहत सर्वप्रथम स्व. हीराराम जाखड की मूर्ति पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। तत्पश्चात स्मारक परिसर में उत्तम किस्म के 101 पौधे लगाए गए। शिक्षक राजेश मीणा द्वारा दस हजार रुपए के पौधे उपलब्ध करवाए गए। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता शिक्षक गोपीचंद कांटीवाल ने विश्व आदिवासी दिवस पर विस्तार से जानकारी दी और बताया कि मूलनिवासी तमाम प्राकृतिक संसाधनों पर नैसर्गिक अधिकार रखते हैं। साथ ही मूलनिवासियों की सभ्यता और संस्कृति को संरक्षित करने और प्रकृति से प्रेम करने की बात कही।

इस अवसर पर समिति अध्यक्ष गोमाराम रापडयि, सामाजिक कार्यकर्ता वीरमाराम जाखड, हरजीराम कडवासरा, शिक्षक गोपीचंद कांटीवाल, पेमाराम भाकर, पांचाराम राजपुरोहित, हरिसिंह खारवाल, प्रेम सारण, रिडमराम रिणवा, चेलाराम कडवासरा, हनुमान रिणवा, चेनाराम सोयल, रामजीलाल मीणा सहित कई जने मौजूद रहे।



जैसलमेर शहर में विश्व आदिवासी दिवस पर कार्यक्रम आयोजित हुआ। फोटो-राष्ट्रदूत

### जैसलमेर में रैली से यातायात बाधित

**जैसलमेर**, (नि.सं.)। जैसलमेर शहर में शुक्रवार सुबह विश्व आदिवासी दिवस को लेकर समस्त आदिवासी समाज की ओर से अम्बेडकर पार्क जोधपुर रोड से भव्य रैली निकाली गई।

रैली इतनी लम्बी थी कि शहर के मुख्य बाड़मेर चौराहे पर लगभग 30 मिनिट तक यातायात बाधित हो गया। सैकड़ों दुपहिया, कारें, टेम्पो, पेसंजर टैक्सी वालों को धूप में खड़े रहकर मार्ग खुलने का इंतजार करना पड़ा। ट्रैफिक जाम में माहेश्वरी हॉस्पिटल इलाज के लिए टैक्सी से जा रहे परमानंद की सीरियस बीमार धर्म पत्नी धापुदेवी परेशान हो गई, परन्तु यातायात कर्मी भारी रैली के आगे लाचार दिखने लगे। सिर पर आदिवासी साफा पहने हजारों आदिवासियों ने अपने संगठन का परिचय देते हुए भाग लिया। साथ ही रैली में डीजे की धुन पर युवाओं ने जमकर नाचते हुए भाग लिया। रैली की थीम स्व-निर्णय के लिए परिवर्तन के एजेंट के रूप में स्वदेशी युवा रखी गई। युवाओं को समाज में परिवर्तन करने के लिए प्रेरित करना और स्वदेशी युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डालना ही रैली का उद्देश्य रहा।

### ठेका कर्मियों को नहीं मिला वेतन

**जोधपुर**, (कासं)। दो माह से भुगतान न होने पर मथुरादास माथुर अस्पताल के ठेकाकर्मियो ने गुरूवार रात से कार्य का बहिषकर कर दिया। जिसका असर आज दिन में भी दिखाई दिया। कार्य बहिष्कार के चलते वहां आए मरीजों और उनके परिजनों को बेजा परेशानी का सामना करना पड़ा।

मथुरादास माथुर अस्पताल के दोनों मुख्य द्वारों पर ठेकाकर्मी जमा होकर विरोध प्रदर्शन करने लगे। अस्पताल की व्यवस्थाएं पूरी तरह चरमरा गई। निविदा ठेका फर्म राजदीप एंटरप्राइजेज पर समय पर भुगतान नहीं किए जाने का आरोप भी ठेकाकर्मियों द्वारा लगाया गया। ठेकाकर्मियों ने बताया कि पिछले दो माह से उन्हें वेतन नही मिल रहा है।

ठेकाकर्मियों की तरफ से गुरूवार की रात से कार्य बहिष्कार हड़ताल पर उतर आए थे। इसका आज सुबह काफी असर देखने को मिला।

लोगों को घंटों लाइन में लगकर अपना कार्य करवाना पड़ा। ठेकाकर्मी पिछले माह से बकाया वेतन की मांग कर रहे है। इस हड़ताल में कार्य बहिस्कार तेजपाल, टीकम सिंह, भागीरथ, अश्विन, गणपत आइंस, राजू दय्या और अजीज ने आदि के नेतृत्व में किया गया।

# जलग्रहण टांके का लोकार्पण



समग्र शिक्षा कार्यालय में राजस्थान विधानसभा के मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग की उपस्थिति में ग्रेनाइट एसोसिएशन एवं भामाशाहों के सहयोग से नवनिर्मित जलग्रहण टांके का लोकार्पण किया। फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर**, (कासं)। समग्र शिक्षा कार्यालय में विधानसभा के मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग की उपस्थिति में ग्रेनाइट एसोसिएशन एवं भामाशाहों के सहयोग से नवनिर्मित जलग्रहण टांके का लोकार्पण किया गया।

ुक्रवार को आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने कहा कि जालोर जिला ग्रेनाइट एसोसिएशन प्रत्येक सामाजिक सरोकार से जुड़े हुए कार्य में बढ़-चढ़कर भाग लेता आया हैं, जो कि प्रशंसनीय है। उन्होंने जिले में ग्रेनाइट उद्योग के चहुंमुखी विकास के लिए हरसंभव प्रयास करने तथा विकास कार्य करवाने की बात कही।

कार्यक्रम में कस्तुरबा गांधी विद्यालय के छात्राओं के लिए भामाशाह बाबूलाल भंसाली के सहयोग से 100 खेसले वितरित किए गए। मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने ग्रेनाइट एसोसिएशन के पदाधिकारियों को प्रशंस पत्र देकर सम्मानित किया।

कार्यक्रम में पंचायत समिति सदस्य बाबूलाल, जिला शिक्षाधिकारी श्रीराम गोदारा, ग्रेनाइट एसोसिएशन के अध्यक्ष राजू चौधरी, उपाध्यक्ष प्रकाश परमार, तरूण अग्रवाल, दामोदर भूतड़ा, पारसमल सुथार, सुरेश चौधरी, चन्द्राराम कुमावत, राकेश शर्मा, बजरंग सिंह, राजेन्द्र कुमार, हरबंश सिंह, गजेन्द्रसिंह सिसोदिया, दिनेश महावर, राजेन्द्र टांक, सुरेश सोलंकी, अतिरिक्त जिला शिक्षाधिकारी नरेन्द्र परमार, समसा के ईश्वरसिंह व हिंगलाजदान इत्यादि उपस्थित रहे।

# युवा कांग्रेस ने स्थापना दिवस मनाया




जालोर शहर के राजीव गांधी भवन में युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने ध्वजारोहण किया। फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर**, (कासं)। जालोर शहर के राजीव गांधी भवन में शुक्रवार को जिलाध्यक्ष दीपक थाँवला की अध्यक्षता व जिला प्रभारी नवाज दूस के मुख्य आतिथ्य में युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने झंडारोहण कर यूथ कांग्रेस के 64 वां स्थापना मनाया गया।

जालोर यूथ कांग्रेस के जिलाध्यक्ष दीपक थावला ने बताया कि पर्यावरण का संदेश देने के लिए कांग्रेस नेता राहुल गांधी के विचार से प्रेरित होकर युवा कांग्रेस जिला जालोर के पदाधिकारियों ने अपने-अपन स्थानों पर पौधारोपण किया। इस मौके पर कार्यकर्ता और पदाधिकारियों ने केक काट कर स्थापना दिवस मनाया।

इस दौरान कोडिनेटर लक्ष्मण सिंह सांखला, जिलाउपाध्यक्ष चंद्रशेखर एलाना, आहोर विधानसभा अध्यक्ष भेराराम मेघालय, विधानसभा अध्यक्ष समीर खा, विधानसभा उपाध्यक्ष जालोर प्रह्लाद मेघालय, सुमार खा लक्ष्मीकान्त दवे, जोगेंदर ब्रॉड, अर्जुन सिंह, भरत कुमार, सुरेंद्र, मुकेश, गोविंद मीणा हरजी, चम्पलाल, ओम प्रकाश आर्य, अशोक जोगसन, मसराराम देवासी भीनमाल सहित कई जने मौजूद रहे।

### विदेशी मुद्रा के ऑनलाइन लेन-देन का पर्दाफाश

**जोधपुर**, (कासं)। सरदारपुरा पुलिस ने विदेशी मुद्रा कारोबार को लेकर ऑनलाइन लेन-देन का पता लगाया है। दो युवकों को चिल्ड्रन पार्क के पास से पकड़ा। जनवरी से लेकर अब तक 80-90 करोड़ के ट्रांजेक्शन का आरंभिक तौर पर पता लगा है। इसमें दो अन्य लोग सरगना बताए जाते हैं, जिनकी धरपकड़ के लिए पुलिस ने टीमें लगाई है। सबइंस्पेक्टर ने इस बारे में सरदारपुरा थाने में मामला दर्ज कराया है। आरोपी सिंडिकेट के तौर पर कार्य कर रहे हैं, जो कि एक गिरोह के रूप में है।

सरदारपुरा पुलिस के अनुसार विदेशी मुद्रा का ऑनलाइन कारोबार कर फ्रॉड करने वाले दो शख्स पाली हाल कुड़ी निवासी जीताराम उर्फ जीतू और विवेक विहार के रहने वाले अनिल कुमार को पकड़ा गया है। हालांकि अभी उनके मोबाइल में ज्यादा ट्रांजेक्शन का पता नहीं लगा है। मगर जनवरी से लेकर अब तक 80-90 करोड़ का ट्रांजेक्शन होने की जानकारी मिली है। यह लोग यूएसडीटी डॉलर कारोबार से जुड़े हैं। गुरूवार को इनके चिल्ड्रन पार्क के पास आने की जानकारी मिलने पर सरदारपुरा पुलिस ने पकड़ा। इनके दो साथियों रोहित और राहुल के नाम सामने आए हैं जोकि सरगना माने जाते हैं, पुलिस इनकी भी धरपकड़ में लगी है।

## सार-समाचार

### संवेदनहीन है प्रभारी मंत्री कुमावत : तंवर

**जैसलमेर**, (नि.सं.)। जिला कांग्रेस अध्यक्ष उम्मेदसिंह तंवर ने मोहनगढ़ कस्बे के अतिवृष्टि से प्रभावित क्षेत्र का दौरा कर प्रभावित परिवारों से जानकारी ली। तंवर ने जैसलमेर जिले के प्रभारी मंत्री जोराराम कुमावत पर संवेदनहीन होने का आरोप लगाया। तंवर ने कहा कि जब प्रभारी मंत्री जैसलमेर थे और मोहनगढ़ में एक ही परिवार के तीन सदस्यों की मृत्यु इस प्राकृतिक आपदा से हुई तो सरकार के मंत्री की जिम्मेदारी है कि वो संवेदनशील हो कर पीड़ित परिवार की शुध लेते उनके संकट में ढाढस बांधने आते उनके दर्द को बांटते। पिछले दिनों लगातार बारिश के कारण मोहनगढ़ में सोमवार को अति वृष्टि से एक घर ढह गया जिससे दबने से तीन लोगों की मृत्यु हो गई थी, तंवर ने पीड़ित परिवार से मिलकर उन्हें ढांढस बंधाया। तंवर ने प्रभावित परिवार के सदस्यों से विस्तृत जानकारी लेते हुए जिला प्रशासन से शीध्र सहायता दिलवाने की बात कही। तत्पश्चात तंवर ने मोहनगढ़ कस्बे के रामपुरा बस्ती में जल भराव की समस्या से परेशान लगभग 50 घरों की तरफ जा कर पीड़ितों से वार्ता की। वार्ता के पश्चात उप खण्ड अधिकारी जैसलमेर पवनकुमार से फोन पर वार्ता कर पानी की शीध्र निकासी के लिए व्यवस्था करने के लिए कहा और मांग रखी कि जल्द से जल्द इस क्षेत्र से पानी निकाला जाएं, अन्यथा अधिक वर्षा होने पर ये मकान ध्वस्त हो सकते हैं। जिला अध्यक्ष के साथ महासचिव रुपचंद सोनी, मोहनाढ़ मण्डल अध्यक्ष सुरेंद्रकुमार खत्री उपस्थित रहे।

### मीणा समाज में रैली निकाली

**पाली**, (नि.सं.)। विश्व आदिवासी दिवस पर मीणा समाज ने नया बस स्टैंड से अंबेडकर सर्किल संभाग मुख्यालय पाली पर पारंपरिक वेशभूषा में नृत्य करते हुए हर्षोल्लास के साथ रैली निकालते हुए अति जिला कलेक्टर डॉ. राजेश गोयल व भीमराज भाटी विधायक पाली को आदिवासी समाज के कल्याण व उत्थान हेतु अपनी मांगों का ज्ञापन दिया। मीणा समाज के जगदीशराम मंडिया प्रभुराम कानेलाव, दिनेश कुमार भंदर पूर्व सरपंच,भबूतराम बाला एंकर हरीश खोड़ मनरूपराम,गिरधारीराम डेंडा खीमसिंह मीना, भवरलाल चाणोद पुखराज बिटुडा, जोराराम सेदारिया, ललित,पारस नवागुड़ा, पूर्व एबीइओ रूघाराम, एड. विरमाराम, किरण, गुरडाई, नेमाराम, सोहनलाल, थानचंद, नारायणलाल गुड़ा एंदला, हरिप्रसाद बाला, गोमाराम बलाना, प्रेमकुमार, कैलाश कुमार एवं डालीदेवी पूर्व सरपंच व महिलाओं ने भी अपने पारंपरिक वेशभूषा में नृत्य करते हुए व युवाओं ने जय जोहार का नारा है भारत देश हमारा है ,जल जंगल जमीन के संरक्षक हम आदिवासी नारों के साथ शिरकत की। शांतिपूर्वक रैली कर भामाशाहों का सम्मान किया गया।

### कांग्रेस भवन में पौधारोपण किया

**पाली**, (नि.सं.)। सोशियल मीडिया प्रभारी चंद्रकांत मारू ने बताया की राजीव गांधी कांग्रेस भवन पाली पाली युवा कांग्रेस के जिलाअध्यक्ष गोवर्धन देवासी के नेतृत्व में भारतीय युवा कांग्रेस के 64 वे स्थापना दिवस के उपलक्ष में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम सुबह 8 बजे युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ ध्वज फहराकर सलामी दी गई। तत्पश्चात क्षेत्र के सफाई कर्मचारी को सम्मानित कार्यक्रम किया गया , और कांग्रेस भवन में पौधारोपण किया गया। इस मौके पर विधायक भीमराज भाटी , कांग्रेस जिला अध्यक्ष अजीज दर्द , कांग्रेस नेता महावीर सुकरलाई, ब्लाक अध्यक्ष जीवराज बोराणा, नेता प्रतिपक्ष हकीम भाई, चंद्रकांत मारू, गोविंद बंजारा , भेराराम गुर्जर, मांगूसिंह दुदावत, कृष्णा सांसी, विनोद शर्मा, प्रकाश चौधरी, यासीन सिबावत, विकास राठौड़, श्रवण कुमार , संपतराज बावरी , किशन कुमार , महेंद्र , सुधीर , कानाराम, राहुल , कमलेश, विनोद शर्मा , अमित परमार, नंदू चौहान, किशन लाल शर्मा , रोहित मारू , श्रवण कछवाह, आदि सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### जोधपुर-पोकरण स्पेशल ट्रेन कल से

**जोधपुर**, (कासं)। बाबा रामदेव मेले के यात्रियों के आवागमन को देखते हुए रेलवे द्वारा एक स्पेशल ट्रेन जोधपुर-पोकरण-जोधपुर स्पेशल रेलसेवा का संचालन किया जा रहा है। मंडल रेल प्रबंधक पंकज कुमार सिंह के अनुसार गाडी संख्या 04809, जोधपुर- पोकरण स्पेशल रेलसेवा 11 अगस्त से 29 अगस्त तक प्रतिदिन (19 ट्रिप) संचालित की जाएगी। जोधपुर से 09.50 बजे रवाना होकर 13.50 बजे पोकरण पहुँचेगी। इसी प्रकार गाडी संख्या 04810, पोकरण -जोधपुर स्पेशल रेलसेवा 11 अगस्त से 29 अगस्त तक प्रतिदिन (19 ट्रिप) संचालित की जाएगी।यह ट्रेन पोकरण से 14.30 बजे रवाना होकर 18.40 बजे जोधपुर पहुँचेगी। यह ट्रेन मार्ग में राई का बाग, मंडौर, मारवाड मथानिया, ओसियां, मारवाड लोहावट, फलौदी व रामदेवरा स्टेशनों पर ठहराव करेगी। इस रेलसेवा में 08 द्वितीय साधारण व 02 गार्ड डिब्बों सहित कुल 10 डिब्बे होंगे।